<u>सात दिवसीय शिविर के आयोजन का उद्घाटन</u>

अग्रवाल महाविद्यालय की एन० एस० एस० की तीनों इकाइयों द्वारा दिनांक 17 मार्च 2019 से 24 मार्च 2019 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है । इस शिविर का मूल विषय 'स्वच्छ भारत -स्वस्थ भारत ' एवं 'डिजिटलाइज़ेशन' रखा गया है । सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि व एन० एस० एस० जिला संयोजक डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के द्वारा दीपशिखा प्रज्वलन के साथ किया गया । एन० एस० एस० कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रितु ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए व शिविर के सफल आयोजन के सहयोग के लिए प्राचार्य महोदय का आभार व्यक्त किया । इसके बाद स्वयंसेविका गीतिका, सपना ने एन० एस० एस० के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया । एन० एस० एस० की 'हल्ला बोल टीम' ने सामाजिक बुराइयों व एन० एस० एस० के कार्यों पर नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की । स्वयंसेविका रमा ने एन० एस० एस० की गतिविधियों का विस्तार से वर्णन किया । सुचि, चमन व डॉली ने एन० एस० एस० गीत प्रस्तुत किया ।

मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने स्वयंसेवकों को बताया कि आपकी पहचान आपकी योग्यता है । यह तभी है जब आप समाज को अपना बहुमूल्य योगदान देते हैं । हर व्यक्ति अपना एक विशेष गुण लेकर पैदा होता है कुछ इसका प्रयोग करके शिखर पर पहुँच जाते हैं । उन्होंने स्वयंसेवकों को

अनुशासन में रहकर व मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एक अच्छा श्रोता ही एक अच्छा वक्ता हो सकता है । उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक को निरंतर अध्ययन करने की भी आदत डालनी चाहिए । उन्होंने इन शब्दों के साथ स्वयंसेवकों को उत्साहित किया "लीक पर वो चले जो बोझिल व हारे हैं, हमें तो अपने क़दमों से बने मंजिल के निशान प्यारे हैं।"

अंत में डॉ0 सीमा मलिक ने मुख्य अतिथि व अन्य सभी का धन्यवाद किया व स्वयंसेवकों को उत्साहित करते हुए कहा कि अपने जीवन में सफल होने के लिए निरंतर कार्य करने का प्रयास करना चाहिए । इस उद्घाटन समारोह के सफल आयोजन के लिए रमा, गीतिका, चमन, गौरव, विपुल, डॉली और सपना आदि ने योगदान दिया।